देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 6 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
संसाधनों का सवाल



# पेज श्री

देहरादून, मंगलवार, 2 अप्रैल 2024



मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 18.0°

73651.35

2 पहले विपक्ष खुद भारतीय सामान छोड़े

7 ऑरेंज कैप पर कोहली का कब्जा बरकरार

# सलाखों में सीएम, जेल से सरकार

## दिल्ली के सीएम केजरीवाल को 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें अब न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। कोर्ट ने केजरीवाल को 15 अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा है। ईडी ने कोर्ट में न्यायिक हिरासत की मांग की थी।

अरविंद केजरीवाल की पेशी के दौरान पत्नी सुनीता, आप नेता सौरभ भारद्वाज, आतिशी, गोपाल राय समेत कई नेता मौजूद रहे। बीती 28 मार्च को अरविंद केजरीवाल को कोर्ट ने राहत नहीं दी थी और एक अप्रैल तक के लिए ईडी की रिमांड पर भेज दिया था। ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था।

दिल्ली शराब घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 15 अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेजे जाने पर पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा कि उन्हें जेल क्यों भेजा गया। देश की जनता इस तानाशाही के खिलाफ जवाब देगी। वही मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट परिसर में पेशी पर आने के दौरान कहा कि जो पीएम कर रहे है। वह देश की लिए सही नहीं है। साथ में आरोप भी लगाया कि ईडी का मकसद आम आदमी पार्टी (आप) को खत्म करना है।

अदालत ने कहा कि वह ईडी को समक्ष स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देती हैं, क्योंकि वह ट्रायल कोर्ट के आदेश के अनुसार हिरासत में हैं। अदालत यह स्पष्ट करती हैं कि उन्होंने याचिकाकर्ता के अधिकार क्षेत्र पर कोई टिप्पणी नहीं की है। ईडी ने न्यायिक हिरासत की मांग की है। एएसजी ने कहा कि केजरीवाल ने अभी तक पासवर्ड साझा नहीं किए है। रमेश गुप्ता और एएसजी राजू वीडियो कॉल के माध्यम से जुड़े।

एएसजी राजू ने आरोप लगाते हुए कहा कि केजरीवाल जांच में सहयोग नहीं कर रहे है। राजू ने कहा केजरीवाल सवालों के सीधे जवाब नहीं दे रहे है। अदालत को ये सब बताने का मकसद था कि केजरीवाल की हिरासत में रख है। राजू ने कहा केजरीवाल सवालों के सीधे जवाब नहीं दे रहे है। अदालत को ये सब बताने का मकसद है कि ईडी आगे भी केजरीवाल की हिरासत की मांग कर सकते है।

### जेल में की इन चीजों की मांग

केजरीवाल पक्ष के वकील ने जेल में कुछ दवाईयां उपलब्ध करवाने के लिए कहा है। साथ ही, तीन किताब की मांग की है, रामायण, हाउ प्राइम मिनिस्टर डिसाइड बाय जर्नलिस्ट नीरज चौधरी, महाभारत। केजरीवाल के वकील ने स्पेशल डाइट की मांग की है। अरविंद केजरीवाल ने अपना लॉकेट, और टेबल चेयर भी मांगी है।



### कोर्ट में केजरीवाल ने लिया आतिशी और सौरभ का नाम

ईडी की ओर से पेश हुए एएसजी एसवी राजू ने कहा कि अरविंद केजरीवाल जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं और जांच को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विजय नय्यर ने मुझे कभी रिपोर्ट नहीं किया। लेकिन वह आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करता था। केजरीवाल ने साफ कहा कि विजय नायर मुझे नहीं आतिशी और सौरभ को रिपोर्ट करता था। केजरीवाल ने अपने मंत्रियों का नाम लिया है।

### 28 मार्च को बढ़ी थी चार दिन की रिमांड

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की ईडी रिमांड चार दिन के लिए बढ़ा दी थी। सुनवाई के दौरान रिमांड बढ़ाने की मांग करते हुए जांच एजेंसी के वकील ने कहा था कि मुख्यमंत्री जांच में नहीं कर रहे सहयोग हैं। कुछ और लोगों से सीएम का सामना करवाना है। ईडी ने रिमांड मांगते हुए कहा कि मोबाइल फोन से डेटा निकाला गया है और उसका विश्लेषण किया जा रहा है। हालांकि 21 मार्च को केजरीवाल के परिसर में तलाशी के दौरान जब्त किए गए अन्य चार डिजिटल उपकरणों का डेटा अभी तक नहीं निकाला जा सका है। सुनवाई के दौरान सीएम ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि आबकारी नीति बनने के दौरान कोई घोटाला नहीं हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### पहली बार भारत का रिकॉर्ड 21 हजार करोड़ का रक्षा निर्यातः रक्षामंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश का रक्षा निर्यात पहली बार बेतहाशा बढ़ा है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में रक्षा निर्यात 21 हजार करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इंटरनेट मीडिया पर देश की एक बहुत बड़ी सफलता की घोषणा कर बताया कि भारत ने 84 देशों को अपने रक्षा उत्पाद बेचकर यह चमत्कारिक लगने वाला लक्ष्य हासिल किया है।

### इमरान खान और पत्नी बुशरा बीबी को बड़ी राहत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सोमवार को बड़ी राहत मिली। इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में उन्हें और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को मिली 14 साल की सजा सस्पेंड कर दी। देश में आम चुनाव से कुछ दिन पहले तोशाखाना से मिले सरकारी उपहारों में भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे।

# ज्ञानवापी के तहखाने में जारी रहेगी पूजा

## हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। ज्ञानवापी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। जिसके बाद ज्ञानवापी में व्यास जी के तहखाने में पूजा जारी रहेगी। वाराणसी की जिला अदालत ने ज्ञानवापी के व्यास जी के तहखाने में पूजा अर्चना करने की अनुमति प्रदान की थी। इसके खिलाफ अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हालांकि हाईकोर्ट ने जिला अदालत के फैसले पर रोक से इनकार कर दिया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने भी हाईकोर्ट के फैसले पर रोक से इनकार कर मस्जिद कमेटी को बड़ा झटका दिया है।

दरअसल बीती 31 जनवरी को वाराणसी की अदालत ने अपने एक आदेश में हिंदू श्रद्धालुओं को ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा अर्चना करने की अनुमति दी थी। वाराणसी की अदालत के इस फैसले के खिलाफ अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी द्वारा हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। हालांकि हाईकोर्ट ने कमेटी की याचिका खारिज कर दी और जिला अदालत के फैसले को बरकरार रखा। अब हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

जिला अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा नामित एक पुजारी द्वारा व्यास जी के तहखाने में पूजा अर्चना की जाएगी। जिला अदालत के आदेश के खिलाफ मस्जिद कमेटी ने सुको का रुख किया था।

### सुप्रीम कोर्ट का यथास्थिति बनाए रखने का आदेश

सोमवार को अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए कि 17 जनवरी और 31 जनवरी के आदेशों के बाद भी मुस्लिम वर्ग द्वारा ज्ञानवापी में नमाज अता की जा रही है। वहीं हिंदू पुजारी द्वारा भी तहखाने में पूजा की जा रही है। ऐसे में यथास्थिति को बनाए रखना सही है। सुप्रीम कोर्ट ने अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की अपील पर हिंदू पक्ष को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

# तीसरी बार पीएम बनेंगे नरेंद्र मोदीः अमित शाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जोधपुर। सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी, चुनावी बॉन्ड और जांच एजेंसियों के दुरुपोय जैसे मुद्दों को लेकर आईएनडीआई गठबंधन ने रविवार को दिल्ली में महारैली का आयोजन किया। इस महारैली को लोकतंत्र बचाओ महारैली नाम दिया गया। 28 विपक्षी दलों के दिग्गज नेताओं ने इस रैली में शिरकत की। राहुल गांधी ने कहा कि आज के समय देश का लोकतंत्र खतरे में है। राहुल गांधी के इस बयान पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज प्रतिक्रिया दी।

अमित शाह ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अब लोकतंत्र के बारे में बात करने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि उनकी दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान लाखों लोगों को जेल में डाल दिया था और राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध लगा दिया था। पलटवार करते हुए कहा, चाहे आप कितनी भी पार्टियां इकट्ठा कर लें, चुनाव के बाद प्रधानमंत्री के रूप में केवल मोदी ही आने वाले हैं।

गृह मंत्री ने जोधपुर में सीएम केजरीवाल समेत विपक्षी नेताओं की गिरफ्तार पर कहा, जो भ्रष्टाचार करेगा वह सलाखों के पीछे जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार है और उनके अगले कार्यकाल में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

### पलटवार

■लोकतंत्र को लेकर अमित शाह ने राहुल गांधी को दिखाया आईना

### पीएम मोदी पर राहुल के आरोप

महारैली में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लोकसभा चुनाव में मैच फिक्सिंग करने की कोशिश करने का आरोप लगाया था और चेतावनी दी थी कि अगर बीजेपी इस प्रयास से चुनाव जीतती है और संविधान में बदलाव करती है, तो पूरा देश खत्म हो जाएगा।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# अगले तीन महीने जमकर सितम ढाएगी गर्मी


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। जहां एक तरफ लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व आम चुनाव की तैयारी में तमाम राजनीतिक दल और कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। वहीं दूसरी ओर, मौसम विभाग ने आने वाले दिनों के लिए मौसमी अपडेट जारी किया है। आईएमडी डीजी मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि अप्रैल से लेकर जून महीनें के दौरान मैदानी इलाके के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से अधिक लू चलने की संभावना है। गौरतलब है कि इस समय पूरे देश में सात चरणों में लोकसभा चुनाव होंगे।

मौसम विभाग द्वारा जारी ताजा अपडेट के मुताबिक, देश के कई हिस्सों में अप्रैल से लेकर जून के बीच भीषण गर्मी होने की आशंका है, इस दौरान तकरीबन 10 से 20 दिनों तक लू चलने की संभावना है। वहीं मौसम विभाग ने जानकारी देते हुए कहा कि पश्चिमी हिमालय क्षेत्र, पूर्वोत्तर राज्यों और उत्तरी ओडिशा के कुछ हिस्सों में तापमान को लेकर भी बदलाव दिख सकता है। वहीं, अप्रैल में देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है, मध्य दक्षिण भारत में इसकी ज्यादा संभावना है।

### मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

## न्यूज डायरी



### बाल्टीमोर में मलबे के बीच फंसे चालक दल के भारतीय सदस्य

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बाल्टीमोर। अमेरिका के बाल्टीमोर में फ्रांसिस स्कॉट की पुल से टकराने वाले मालवाहक जहाज डाली के चालक दल के भारतीय सदस्य अभी भी मलबे में फंसे हैं। चालक दल के सदस्यों को वहां से निकलने में उन्हें कई सप्ताह का समय लग सकता है। हालांकि टूटे पुल के उत्तरी हिस्से पर मलबा हटाने का काम शुरू हो गया लेकिन जहाजों के लिए रास्ता खोलने में अभी समय लगने की संभावना जताई गई है। बता दें कि गत मंगलवार को मालवाहक जहाज पावर फेल होने के कारण पटाप्सको नदी पर बने पुल के स्तंभ से टकरा गया था। टक्कर के बाद पुल टूट गया था और छह लोगों की मौत हो गई थी। मलबे के कारण अब तक चार मजदूरों के शव बरामद नहीं हो सके हैं। इस मालवाहक जहाज के 21 सदस्यीय चालक दल में से 20 भारतीय और एक श्रीलंकाई है। हादसे के बाद से चालक दल के सदस्य नदी में गिरे मलबे के कारण मौके पर फंसे हुए हैं। जहाज का प्रबंधन करने वाली कंपनी सिनर्जी ग्रुप की सहायता करने वाली परामर्श फर्म के अधिकारी क्रिस जेम्स ने कहा कि चालक दल के सदस्यों के पास भोजन और पानी की पर्याप्त आपूर्ति है। इसके साथ ही जेनरेटर के लिए भी उनके पास ईंधन है। उन्होंने कहा कि एक बार राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) और तटरक्षक बल एक बार अपनी जांच पूरी कर लें।

### भारत–नेपाल संस्कृति शिक्षा को बढ़ावा देने में करेंगे सहयोग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। नेपाल की राजधानी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संस्कृत सम्मेलन में भारत और नेपाल के संस्कृत विद्वानों ने प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय संस्कृत सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव दिया। इस दौरान साथ ही संस्कृत ग्रंथों विशेष रूप से हिमालयी राष्ट्र में संरक्षित पांडुलिपियों पर शोध करने और प्रकाशन की व्यवस्था करने के लिए अध्ययन केंद्र की स्थापना पर भी चर्चा की गई। तीन दिवसीय सम्मेलन में प्रतिभागियों ने महर्षि संदीपनि वेद विद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन के सहयोग से नेपाल में गुरुकुलों के विकास के लिए सहायता प्रदान करने का संकल्प भी लिया। इस सम्मेलन का आयोजन नीति अनुसंधान प्रतिष्ठान ने केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली और इंडिया फाउंडेशन, दिल्ली के सहयोग से किया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य भारत और नेपाल में संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देना था। सम्मेलन में अपनाए गए प्रस्तावों में से एक में उल्लेख किया गया है कि नीति अनुसंधान प्रतिष्ठान, नेपाल भारत–नेपाल अध्ययन केंद्र के प्रधान कार्यालय के रूप में काम करेगा। यह केंद्र भारत व नेपाल के संस्कृत ग्रंथों और नेपाल की संस्कृत पांडुलिपियों पर शोध करने और प्रकाशन करने की व्यवस्था करेगा। माना जाता है कि नेपाल के पुरातत्व विभाग के पास तकरीबन पांच लाख संस्कृत पांडुलिपियां संरक्षित हैं। इस दौरान एक प्रस्ताव में नेपाल के छात्रों की संस्कृत सीखने की क्षमता बढ़ाने के लिए भारत में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का भी उल्लेख किया गया।

### बाइडन के पत्र लिखे जाने के बाद शहबाज ने संबंधों को महत्वपूर्ण बताया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को आश्वासन देते हुए कहा कि इस्लामाबाद वैश्विक शांति और क्षेत्र की समृद्धि के सामान्य लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वॉशिंगटन के साथ काम करना चाहता है। शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान अमेरिका के साथ अपने संबंधों को बेहद महत्व देता है। शरीफ का यह बयान बाइडन के लिखे पत्र के बाद आया है। शरीफ ने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग और ग्रीन अलायंस फ्रेमवर्क पहल का स्वागत है। हालांकि, पाकिस्तान के डॉन अखबार के हवाले से विशेषज्ञों ने कहा कि बाइडन के पत्र में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को सत्ता संभालने या चुनाव में जीत के लिए बधाई नहीं दी गई। गौरतलब है कि पत्र में अमेरिका ने आश्वासन दिया कि वॉशिंगटन सबसे गंभीर वैश्विक और क्षेत्रीय चुनौतियों से निपटने के लिए पाकिस्तान के साथ खड़ा रहेगा। इस्लामाबाद में नए प्रशासन के साथ पहले संवाद में बाइडन ने कहा कि हमारे और दुनिया भर के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दोनों के बीच स्थायी साझेदारी महत्वपूर्ण बनी हुई है।

# गाजा में भीषण लड़ाई काहिरा में युद्धविराम पर वार्ता

**आह्वान**

## हमलों में दर्जनों फलस्तीनियों के मारे जाने की सूचना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काहिरा। मिस्र की राजधानी काहिरा में गाजा में युद्धविराम के सिलसिले में इजरायल और हमास के बीच वार्ता हो रही है लेकिन गाजा पट्टी पर इजरायली सेना के भीषण हमले जारी हैं। इन हमलों में दर्जनों फलस्तीनियों के मारे जाने की सूचना है।

मरने वालों में हमास के चार वरिष्ठ नेता शामिल हैं जिन्हें इजरायली सेना ने गाजा सिटी के अल शिफा अस्पताल में मारा है। अस्पताल परिसर में और उसके आसपास लड़ाई जारी है। सात अक्टूबर, 2023 से जारी इजरायली हमलों में अभी तक करीब 33 हजार फलस्तीनी मारे गए हैं। मिस्र और कतर की मध्यस्थता में चल रही वार्ता में 40 इजरायली बंधकों की रिहाई के बदले में छह हफ्ते के युद्धविराम पर वार्ता हो रही है। एक इजरायली बंधक के बदले में



फलस्तीनी कैदियों को छोड़े जाने की संख्या अभी तय नहीं हो पाई है। माना जा रहा है कि हमास के कब्जे में अभी करीब 130 इजरायली बंधक हैं जिनकी रिहाई को लेकर वह सौदेबाजी कर रहा है। इससे पहले 24 नवंबर, 2023 को गाजा में एक सप्ताह का युद्धविराम हुआ है। उस दौरान 105 इजरायली और विदेशी नागरिकों को रिहा किया गया था। गाजा सिटी के अल शिफा अस्पताल के अतिरिक्त दूसरे बड़े शहर खान यूनिस में भी दो अस्पतालों को इजरायली सेना ने घेर रखा है।

वहां पर हमास और इस्लामिक जिहाद के लड़ाकों के राकेट और मोर्टार हमलों का जवाब इजरायली सेना टैंकों की गोलाबारी से दे रही है। मध्य गाजा के अल मेघाजी में इजरायल के हवाई हमले में चार लोगों के मारे जाने की सूचना है। नजदीक के अल–बलाह शहर में इजरायली बमबारी में भी चार लोग मारे गए हैं और कई लोग घायल हुए हैं। गाजा के शहरों की इजरायली सेना की घेराबंदी से वहां पर खाद्य सामग्री पहुंचने में मुश्किल हो रही है। संयुक्त राष्ट्र ने गाजा में भुखमरी की आशंका जताई है।

पोप फ्रांसिस ने अपने पारंपरिक ईस्टर भाषण में इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम का आह्वान किया। वेटिकन के सेंट पीटर स्क्वायर में हजारों लोगों से बात करते हुए, फ्रांसिस ने युद्ध को बेतुका बताया और यूरोप और मध्य पूर्व की समस्याओं को संबोधित किया। रविवार को अपने संबोधन में, पोप ने इजरायल हमास युद्ध में त्तकाल युद्धविराम के लिए अपनी अपील दोहराई, साथ ही गाजा तक मानवीय सहायता की पहुंच सुनिश्चित करने और बंधकों की शीघ्र रिहाई का भी आह्वान किया।

## पाकिस्तान में बढ़ी आतंकी घटनाएं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में बढ़ती आतंकी घटनाओं को लेकर एक थिंक टैंक की रिपोर्ट सामने आई है। थिंक टैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में 2024 की पहली तिमाही के दौरान आतंकी घटनाओं में इजाफा हुआ है।

थिंक टैंक की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान में 2024 की पहली तिमाही के दौरान आतंकवादी हमलों और आतंकवाद रोधी अभियानों की 245 घटनाएं हुईं, जिससे 432 लोगों की मौत हुई और 370 नागरिक व सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं। सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज द्वारा जारी सुरक्षा रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान की सीमा से लगे खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में इस अवधि के दौरान 92 प्रतिशत अधिक मौतें हुईं और 86 प्रतिशत आतंकी हमले हुए हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि पाकिस्तान के बचे क्षेत्र अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण थे।

चौंकाने वाली बात यह है कि आतंकवादी संगठनों ने 2024 की पहली तिमाही में आतंक के कारण हुई कुल मौतों में से 20 प्रतिशत से भी कम की जिम्मेदारी ली है। हालांकि, इस दौरान जाभात अंसार अल–महदी खुरासान (श्र डडझ) नाम का एक नया आतंकवादी संगठन भी उभरा है।



### पाकिस्तान में भारी बारिश का कहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** खैबर पख्तूनख्वा। पाकिस्तान में आसमान से आफत बरस रही है। कई इलाकों में लगातार हुई बारिश से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने कहा, पिछले दो दिनों में खैबर पख्तूनख्वा में बारिश से संबंधित घटनाओं में दस लोग मारे गए और बारह घायल हो गए। पीडीएमए के प्रवक्ता अनवर शहजाद ने हताहतों की संख्या की पुष्टि की और कहा कि मृतकों में आठ बच्चे और दो महिलाएं शामिल हैं जबकि घायलों में नौ बच्चे, दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। शहजाद ने कहा कि शनिवार रात तक प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, केपी में बारिश और ओलावृष्टि से संबंधित घटनाओं में 27 घर क्षतिग्रस्त हो गए। द नेशन के अनुसार, उन्होंने कहा कि प्रभावित इलाकों में राहत अभियान जारी है।

## अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा चीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■बदले 30 शहरों के नाम, भारत ने जताई आपत्ति

बीजिंग। चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। एक बार फिर चीन ने नापाक हरकत की है। समाचार एजेंसी के मुताबिक, चीन ने अरुणाचल प्रदेश की कई जगहों के नाम बदल दिए हैं।

दरअसल, चीन ने अरुणाचल प्रदेश में विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की चौथी लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में चीन ने अरुणाचल प्रदेश की 30 जगहों के नाम बदले हैं। हालांकि, भारत ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने की बात को खारिज किया है। भारत ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश देश का अभिन्न हिस्सा है और उसका नाम बदल देने से इस वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आएगा।

चीन की ग्लोबल टाइम्स ने एक रिपोर्ट में बताया कि चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने अरुणाचल प्रदेश की 30 जगहों के नाम बदलने को लेकर चौथी लिस्ट जारी की है। मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक, अरुणाचल प्रदेश के अंदर की 30 जगहों के नाम बदले गए हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ये आदेश 1 मई से लागू करने के लिए अनुच्छेद 13 में प्रावधान किया गया है। इसमें कहा गया है कि चीन के क्षेत्रीय दावों और संप्रभुता के अधिकारों को नुकसान पहुंचाने वाली विदेशी भाषाओं में नामों को बिना प्राधिकरण सीधे उद्धृत या अनुवाद नहीं किया जाएगा।

बता दें कि चीन अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा ठोकता है और उसे जांगनान कहता है। साथ ही वह अरुणाचल प्रदेश को तिब्बती क्षेत्र बताया है। उल्लेखनीय है कि चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने अरुणाचल प्रदेश में छह स्थानों के नामों की बदलने की पहली लिस्ट 2017 में जारी की थी। इसके बाद 15 स्थानों की दूसरी लिस्ट 2021 में जारी की गई। हालांकि, तीसरी बार साल 2023 में 11 स्थानों के नामों की लिस्ट जारी की गई थी।

### हसीना ने कहा- पहले विपक्ष खुद भारतीय सामान छोड़े


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेश में इन दिनों भारत विरोधी अभियान चर्चा में बना हुआ है। इस मामले पर देश की सत्ताधारी अवामी लीग और विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) एक दूसरे पर हमलावर हैं। इसकी शुरुआत जनवरी में हुए आम चुनावों के बाद हुई, जिसमें शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने लगातार चौथी बार जीत हासिल की। बीएनपी ने भारत पर चुनावों में हस्तक्षेप का आरोप लगाते हुए चुनावों का बहिष्कार किया था। इसके बाद से ये मुद्दा गरम हुआ और धीरे–धीरे इसने इंडिया आउट कैंपेन की शक्ल ले ली। ये कुछ उसी तरह है जैसा मालदीव में कुछ समय पहले हुआ था। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने आरोप लगाया है कि इस अभियान को विपक्षी पार्टी बीएनपी हवा दे रही है और भारत के खिलाफ देश में माहौल बनाने की कोशिश हो रही है।

Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# स्वीप टीम ने लो वोटर टर्नआउट वाले बूथों पर चलाया जागरूकता अभियान

**तैयारी**

## मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए किया प्रेरित, दिलाई मतदाता शपथ

**संवाददाता**

चमोली। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिये 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये स्वीप कार्यक्रम तहत चमोली जनपद में जागरुकता अभियान संचालित किए जा रहे है। जिसके तहत सोमवार को स्वीप की ओर से लो वोटर टर्न आउट वाले बूथों पर जागरूकता अभियान चलाया गया।

जनपद में निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को स्वीप टीम ने लो वोटर टर्नआउट वाले बूथ भेंटी, सिमलसैंण, कनोल, ग्वाई, थिरपाक में प्रचार रथ के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान स्वीप कर्मियों ने मतदाताओं से वार्ता कर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील करने के साथ ही मतदाता शपथ दिलाई। साथ ही टीम की ओर से जनपद के पेट्रोल पंपों, खाद्यान्न व गैस गोदामों में जागरुकता प्रचार सामग्री का वितरण भी किया।



दूसरी ओर दिव्यांग जागरूकता रथ के माध्यम से जनपद के दूरस्थ क्षेत्र तपोवन, रिंगी, रेनी, सुराईथोठा, सुकी, तमक, जुम्मा, झेलम, भापकुंड, मलारी क्षेत्रों में जागरुकता अभियान चलाकर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिये प्रेरित किया।

स्वीप समन्वयक कुलदीप गैरोला ने बताया कि चमोली में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जहां प्रतिदिन स्वीप कर्मियों की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं जिले में दीवार लेखन करने के साथ ही सोशल मीडिया और अन्य संचार माध्यमों से भी मतदाताओं को जागरूक कर शत प्रतिशत मतदान के लिये प्रेरित किया जा रहा है। इस मौके पर अरविंद बिष्ट, सुंदर राणा, राजेंद्र प्रसाद सती, पृथ्वी रावत, प्रबोध डिमरी, दीवान सिंह नेगी आदि मौजूद थे।

## न्यूज डायरी

### एग्जिट पोल पर रोक, निर्वाचन आयोग की रहेगी नजर

**संवाददाता** चमोली। भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 और इसके साथ ही कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव एवं उप चुनाव के मध्येनजर 19 अप्रैल 2024 (शुक्रवार) की सुबह सात बजे से एक जून 2024 (शनिवार) की शाम 6.30 बजे तक के लिए एग्जिट पोल पर रोक लगा दी है। इस अवधि में सभी लोकसभा क्षेत्रों में एग्जिट पोल के नतीजों का प्रकाशन एवं प्रसारण प्रतिबंधित रहेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश ने बताया कि एग्जिट पोल करना और एग्जिट पोल के परिणामों को समाचार पत्रों में प्रकाशित या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रसारित करना या किसी अन्य तरीके से प्रचार–प्रसार करना पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध मतदान के लिए नियम समय के आरंभ होने से लेकर मतदान समाप्त होने के आधे घंटे बाद तक जारी रहेगा।

### राकेश ऋषिकेश तो गीता बनीं काशीपुर की प्रदेश मंत्री

**संवाददाता** हल्द्वानी। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड के ऋषिकेश और काशीपुर संगठन के प्रदेश मंत्री का सोमवार को चुनाव किया गया। संगठन प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने बताया कि प्रदेश महामंत्री प्रकाश मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गोयल और कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल सभी की सर्वसम्मति से प्रदेश संगठन मंत्री ऋषिकेश की कमान राकेश अग्रवाल और प्रेदश मंत्री की जिम्मेदारी गीता चौहान को सौंपी गई है। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्र शेखर पंत, सलाहकार समिति के एनसी तिवारी, दिनेश पंत, नवनीत राणा, रूपेंद्र नागर, मदन फर्त्याल, हितेंद्र भसीन, दिगंबर वर्मा ने दोनों पदाधिकारियों को बधाई दी।

### महिला चेंजमेकर्स के साथ 'तू है शक्ति 2.0' अभियान का हुआ वैश्विक लोकार्पण

**संवाददाता** देहरादून। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के महिला सशक्तिकरण व लिंग समानता प्रकल्प 'संतुलन' के अंतर्गत नई दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में भव्य महिला सम्मलेन का आयोजन किया गया, जिसमें 'तू है शक्ति' अभियान के दूसरे चरण का पोस्टर लोकार्पण कर शुभारम्भ किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को समर्पित इस विशेष इस समारोह में दिल्ली एन.सी.आर. की विख्यात महिला अधिकारियों के साथ पैनल में संवाद किया गया। संघर्षों को चुनौती देने वाली 17 आईकोनिक महिलाओं को 'संतुलन स्वाभिमानी नारी सम्मान' से सम्मानित किया गया, तथा, सम्मलेन में उपस्थित 250 महिला चेंजमेकरों ने 'तू है शक्ति 2.0 अभियान' के मेंबर बन दिल्ली की नारी विरोधक पटकथा आत्मिक जाग्रति द्वारा को बदल कर नारी उद्धार का संकल्प लिया गया।

# पहली बार मतदान को उत्साहित हैं जनपद के युवा

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। देश में 18वीं लोकसभा गठित होने जा रही है और इसके लिए तैयारियां जोरों पर हैं। प्रदेश में पहले चरण में 19 अप्रैल को पांच लोकसभा सीटों के लिए मतदान प्रक्रिया होगी। जनपद में शत–प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने को जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देशन में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है। जनपद के स्कूलों, कॉलेज, नगर पंचायतों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान के तहत लोकतांत्रिक मूल्यों की जानकारी उपलब्ध करायी जा रही है। साथ ही जागरूक मतदाता बनने की शपथ भी लोगों को दिलाई जा रही है।

अभियान के दौरान पहली बार मतदान करने जा रहे युवा मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। युवाओं का कहना है कि लोकतंत्र के इस महायज्ञ में वो अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपनी ओर से आहुति डालना चाहते हैं। युवाओं ने सभी अन्य मतदाताओं को भी 19 अप्रैल को अपने बूथ पर पहुँच कर मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान देने की अपील की। बता दें कि जनपद में कुल 195623 मतदाता हैं जिसमें 97250 पुरुष, 98373 महिला एवं 18 से 19 वर्ष वाले 5295 युवा मतदाता हैं। वहीं 5309 सेवायोजित, 2311 दिव्यांग एवं 1563 ऐसे मतदाता हैं जिनकी उम्र 85 वर्ष से अधिक है।



### युवाओं में कार्यालय उद्घाटन में दिखा उत्साह

**संवाददाता** पुरोला। टिहरी लोकसभा से निर्दलीय सांसद प्रत्यासी बॉबी पंवार का पुरोला विधानसभा मुख्यालय पुरोला बाजार में युवाओं ने विधिवत पूजा–अर्चना कर चुनाव कार्यलय का उद्घटान किया। सोमवार को क्षेत्र के युवाओं ने निर्दलीय उम्मीदवार बाबी पंवार को पूरा समर्थन देकर नारेबाजी कर कुमोला रोड पर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। चुनाव कार्यालय संयोजक अंकित पंवार,अंकित राणा ने कहा कि कार्यलय उद्घाटन के बाद कार्यकारणी का गठन कर अब युवाओं की टीमें गांव –गांव जाकर निर्दलीय उम्मीदवार बाबी पंवार के लिए वोट मांगेंगे तथा घर–घर तक चुनाव चिन्ह पहुंचानें का युवाओं ने संकल्प लिया है। उद्घाटन मौके पर आंनद रावत,दयाराम नेगी,प्रताप रावत, दौलतराम बडूनी,केंद्र सिंह रावत,रमेश नौटियाल,लखन चौहान तुषार नौटियाल,मोहन बडोनी,गजेंद्र चौहान,आन्द सिंह पंवार, विनोद भारती आदि दर्जनों युवा समर्थन मौजूद थे।

# कांग्रेस के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील

**कांग्रेस उम्मीदवार जोत सिंह गुनसोला ने पुरोला में चुनावी रोड शो कर की जनसभा**

**संवाददाता**

पुरोला। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष करण महारा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष प्रीतम सिंह चौहान व टिहरी लोक सभा के कांग्रेस उम्मीदवार जोत सिंह गुनसोला ने सोमवार को पुरोला में चुनावी रोड शो कर जनसभा का आयोजन कर कांग्रेस के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की।

सोमवार को पुरोला में आयोजित जनसभा को सम्बोधन करते हुए करण महारा, प्रीतम सिंह व जोत सिंह गुनसोला आदि ने भाजपा की डबल इजन की सरकार को झूठ का पुलिंदा बताते हुए कहा कि 2014 में मोदी ने देश के दो करौड युवाओं को रोजगार देने,प्रत्येक खाते में 15––15 लाख रूपए डालने का वादा किया जो केवल जुमला बन कर रह गया।

वक्ताओं ने कहा कि जुमलों की सरकार ने कांग्रेस सरकार के समय की गरीबों,किसानों एवं बेरोजगारों के लिए शुरु की गई तमाम योजनाएं बंद कर दी गई।मंहगाई ने आम आदमी की कमर तोड दी 475 रूपये का गैस सलेंडर अब एक हजार से अधिक रूपये हो गया,गरीब आदमी की थाली से सरकारी खाद्यान्न,चीनी,मिट्टी तेल सहित सस्ता राशन बंद कर दिया गया वंही देश मे अपने भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए भाजपा सरकार तमाम सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों को अनावश्यक बिना कुछ ठोस सबूतों के जेल में भेजने का काम कर रही है। उन्होंने जनसभा को संबोधित कर पार्टी के पक्ष में वोट देने की अपील की।

इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हरिमोहन नेगी, पूर्व प्रमुख लोकेंद्र रावत,विहारी लाल शाह,मोहन लाल भुराटा,धीरेंद्र नेगी,रेखा नौटियाल जोशी, अतोला देवी,रोजी सिंह सौंदाण,दिनेश खत्री,दर्शन लाल,भरत लाल,अर्जुन सिंह, कमला राम शर्मा एवं प्रताप, सुलोचना देवी,शिव प्रसाद रतूड़ी आदि कांग्रेसी मौजूद थे।

### वीआईपी समिति ने किया उत्तराखंड टैलेंट क्वीन हंट का आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। जीएमएस रोड स्थित एक होटल में वीआईपी समिति ने उत्तराखंड टैलेंट क्वीन हंट का आयोजन किया। इस टैलेंट क्वीन हंट विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अतिथियों का मन जीत लिया। देवभूमि उत्तराखंड से बहुत बहुत सारी प्रतिभाओं के धनी लोगों ने उत्तराखंड टैलेंट क्वीन हंट में प्रतिभाग किया। पाक कला (केक), नृत्य–शास्त्रीय, बॉलवुड, अर्ध पारंपरिक, गायन, ब्लॉगिंग, कला और शिल्प, ब्राइट्स ऑफ इंडिया, फैशन वॉक का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। समिति की सीईओ नलिनी तनेजा त्रिखा ने कहा कि इस इवेंट का उद्देश्य लोगों को मंच प्रदान करते हुए उनकी प्रतिभाओ को निखारना है। साथ ही उन्हे प्रेरित भी करना है।

# संसाधनों का सवाल

**समिति के इस तर्क से सहमति थोड़ी मुश्किल है कि बार–बार चुनाव देश की आर्थिक तरक्की को बाधित करते हैं। आर्थिक विकास एक जटिल प्रक्रिया है। इसे चुनावी प्रक्रिया के सीमित नजरिए से जोड़ना ठीक नहीं है।**

गुलशन राय खत्री।।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अगुआई वाली उच्च स्तरीय समिति ने सिफारिश की है कि देश में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव साथ–साथ कराने का विचार अच्छा है और इस ओर कदम बढ़ाए जाने चाहिए। समिति के मुताबिक, इसके लिए संविधान में संशोधन करना पड़ेगा लेकिन राज्यों की विधानसभाओं से उसकी पुष्टि कराने की अनिवार्यता नहीं होगी। बहरहाल, यह एक अहम मसला है और ऐसे में देखना महत्वपूर्ण हो जाता है कि समिति की रिपोर्ट इससे जुड़े अलग–अलग पहलुओं पर किस तरह रोशनी डाल रही है।

रिपोर्ट में इस बात पर ठीक ही जोर दिया गया है कि अलग–अलग और बार–बार चुनाव होने से संसाधनों पर बेहिसाब बोझ पड़ता है। आम तौर पर एक लोकसभा चुनाव में 70 लाख ऑफिसरों को लगना पड़ता है। स्कूलों को चुनाव बूथ की भूमिका निभानी पड़ती है। अर्धसैनिक बल तैनात करने पड़ते हैं। अन्य चुनावों में भी थोड़े कम पैमाने पर ये प्रक्रियाएं अपनाई जाती हैं। एक साथ चुनाव से इन संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल संभव है।



समिति के इस तर्क से सहमति थोड़ी मुश्किल है कि बार–बार चुनाव देश की आर्थिक तरक्की को बाधित करते हैं। आर्थिक विकास एक जटिल प्रक्रिया है। इसे चुनावी प्रक्रिया के सीमित नजरिए से जोड़ना ठीक नहीं है। वैसे भी आंकड़े बताते हैं कि देश में तेज विकास का दौर अस्सी के दशक से शुरू हुआ। जबकि, लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव साथ–साथ कराने की रीत 1967 तक ही चल पाई थी।

जहां तक एक साथ चुनाव कराए जाने से राजनीति की क्वॉलिटी में सुधार का सवाल है तो यह तर्क भी सुसंगत नहीं लगता। उदाहरण के लिए, अगर पहचान की राजनीति की बात करें तो यह मानना मुश्किल है कि एक साथ चुनाव होने से उसमें ऐसे भावनात्मक मुद्दों का जोर कम हो जाएगा। आखिर आरक्षण आंदोलनों पर अलग–अलग राजनीतिक दलों का रुख इससे तय होता नहीं दिखता कि चुनाव कितने करीब या दूर हैं।

समिति को जिन 47 राजनीतिक दलों से राय मिली, उनमें 15 दल साथ चुनाव कराए जाने के खिलाफ हैं। यानी करीब–करीब हर तीन में से एक दल इससे सहमत नहीं है। यह इसलिए भी अहम है क्योंकि एक साथ चुनाव कराए जाने की कीमत राज्य विधानसभाओं को भरनी होगी। समिति के मुताबिक, राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल लोकसभा के कार्यकाल से जोड़े जाने की बात है।

लोकतंत्र में विरोधियों की संख्या से कम महत्वपूर्ण नहीं होता असहमति का तर्क। इसलिए समिति ने जो प्रक्रिया बताई है, उसके औचित्य को स्वीकार करते हुए भी यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि विरोध में उठी आवाजों के तर्क को पूरा सम्मान देते हुए ही आगे बढ़ा जाए।

## द्रोणाचार्य के आश्रम

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।**
गुरु द्रोण उनके इस प्रकार के अभ्यास से अत्यन्त प्रसन्न हुये। उन्होंने अर्जुन को धनुर्विद्या के साथ ही साथ गदा, तोमर, तलवार आदि शस्त्रों के प्रयोग में निपुण कर दिया।
उन्हीं दिनों हिरण्य धनु नामक निषाद का पुत्र एकलव्य भी धनुर्विद्या सीखने के उद्देश्य से द्रोणाचार्य के आश्रम में आया किन्तु निम्न वर्ण का होने के कारण द्रोणाचार्य ने उसे अपना शिष्य बनाना स्वीकार नहीं किया। निराश हो कर एकलव्य वन में चला गया। उसने द्रोणाचार्य की एक मूर्ति बनाई और उस मूर्ति को गुरु मान कर धनुर्विद्या का अभ्यास करने लगा। एकाग्रचित्त से साधना करते हुये अल्पकाल में ही वह धनुर्विद्या में अत्यन्त निपुण हो गया।
एक दिन सारे राजकुमार गुरु द्रोण के साथ आखेट के लिये उसी वन में गये जहाँ पर एकलव्य आश्रम बना कर धनुर्विद्या का अभ्यास कर रहा था।

# संपादकीय

## बढ़ें मंडियां

सरकार को छोटे बाजारों को प्राथमिकता से विकसित करना होगा। चार वर्ष पूर्व 20 हजार छोटी मंडियों को विकसित करने की बात बजट में की गई थी। यह एक अच्छा कदम है, मगर इस पर अमल नहीं हुआ। 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार करने के लिए हम कृषि का विचार तो कर ही रहे हैं, किंतु उसे चलाने वाले छोटे व मझोले किसानों के हितों को ध्यान में रखना होगा, तभी सही मायने में भारत विकसित होगा। आज अनेक विद्वान इस चिंता में दुबले हो रहे हैं कि समर्थन मूल्य की गारंटी देना संभव नहीं और देश की अर्थव्यवस्था पर इससे बोझ बढ़ेगा। किसान की साधारण, न्यायसंगत अपेक्षा यही है कि उसकी लागत पर लाभ जोड़कर उसे कीमत मिले। और उसे इससे कम कीमत पर उपज न बेचनी पड़े। यह बात नीतिकारों और विद्वानों को समझनी होगी। इस मसले का रास्ता ढूंढना होगा। किसान को कीमत की गारंटी देने के लिए हमें कई तरह के उपाय करने होंगे। सरकारी खरीद के साथ एक पूरा तंत्र विकसित करना होगा।

जब देश में अनाज की कमी थी, तब सरकारें कुछ कीमत तय कर किसानों से जबरदस्ती खरीद कर लेती थीं। वही न्यूनतम समर्थन मूल्य की शुरुआत थी।

# बाजार भरोसे

दिनेश कुलकर्णी।।

आजकल देश में ही नहीं बल्कि यूरोप, अमेरिका सहित कई देशों में किसानों के आंदोलन चल रहे हैं। सब जगह समान मुद्दा है कि खेती करना आर्थिक दृष्टि से अब फायदे का सौदा नहीं रह गया है। लागत बढ़ती जा रही है और उपज के दाम में अस्थिरता है।

भारत के किसानों की मुख्य समस्या उपज की कम कीमत है। कृषि उत्पादों की कीमतें सरकारें अपने हिसाब से शुरू से ही तय करती रही हैं। जब देश में अनाज की कमी थी, तब सरकारें कुछ कीमत तय कर किसानों से जबरदस्ती खरीद कर लेती थीं। वही न्यूनतम समर्थन मूल्य की शुरुआत थी। जब सरकार की जरूरत केवल सार्वजनिक वितरण प्रणाली तक सीमित हो गई, तो उसने उसके लिए अनाज खरीदने की जिम्मेदारी ली और बाकी के लिए किसानों को बाजार भरोसे छोड़ दिया।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए केवल धान–गेहूं पर ही विचार किया गया। फिर उसकी अधिकतर खरीद पंजाब–हरियाणा से होने लगी। इसके परिणाम सामने हैं। पंजाब–हरियाणा में जमीन की उपजाऊ क्षमता काफी घट गई है और फसलों का विविधीकरण खत्म हो गया। इससे किसान को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा। वह कर्ज में डूब गया। विडंबना है कि



जिस राज्य से ज्यादा खरीद होती थी, वहां का किसान ज्यादा आक्रोशित है।

पिछले 10 वर्षों में सरकार एमएसपी में बढ़ोतरी कर रही है। पंजाब, हरियाणा के साथ ही राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में भी सरकारी खरीद बढ़ी है। किंतु देशभर के किसानों को इसका लाभ नहीं मिल रहा। सरकार ने गेहूं–चावल के साथ ही दलहन–तिलहन की भी एमएसपी बढ़ाई है। मगर उसकी खरीद की व्यवस्था न होने के कारण बहुत बार किसान को एमएसपी के नीचे ही उपज बेचनी पड़ती है। इन हालात में एमएसपी में बढ़ोतरी का भी फायदा किसान को नहीं मिलता। कारण, उसकी कोई गारंटी नहीं है। वहीं खेती में लगने वाली चीजों की कीमत पर सरकार का नियंत्रण नहीं है। इन चीजों और मजदूरी में औसतन दोगुनी बढ़ोतरी हुई है। बीज, उर्वरक, कीटनाशकों के दामों में भी भारी वृद्धि हुई है। उत्पादक होने के बावजूद किसान को इन चीजों पर एमएसपी भी भरनी पड़ती है, जो एमएसपी की मूल अवधारणा के विपरीत है। किसान को यह ळैज वापस मिलने की कोई व्यवस्था नहीं है। इसके कारण उसकी जो लागत बढ़ी है, वह न्यूनतम समर्थन मूल्य से ज्यादा ही आती है।

किसानों की मांग ऐसी एमएसपी की है, जो लाभकारी हो। अपने यहां छोटे और मझोले किसान सबसे ज्यादा हैं। उसके पास बेचने के लिए एक–दो फसल के अलावा अनाज होता ही नहीं। वे चाहते हैं कि कीमत मिलने का कुछ पक्का बंदोबस्त हो। वही गारंटी उसे चाहिए। सरकार कीमत तो घोषित करती है, पर वही कीमत उसे मिले, इसकी वह जिम्मेदारी नहीं लेती। साथ ही सरकार की आयात–निर्यात नीति भी इस समस्या को बढ़ाती है।

### अष्टयोग-5066

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 4 | 6 | | 5 | |
| | 32 | | 32 | | 30 | 3 |
| 1 | | 5 | | | 7 | 2 |
| | 26 | | 37 | | 37 | |
| | 3 | 2 | | 6 | 1 | |
| 6 | 34 | | 34 | | 28 | 4 |
| 7 | | | 3 | | | 1 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5065 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 6 | 28 | 1 | 36 | 2 | 30 | 4 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 33 | 2 | 34 | 3 | 29 | 6 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 |
| 5 | 33 | 7 | 37 | 4 | 33 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### लोकनीति लोभसंग्रह नहीं, बल्कि लोकसंग्रह

**मोहन।** हमेशा लोगों से किसी भी पक्षपातपूर्ण विचार से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया करते थे। वे मतदान के प्रबल समर्थकों में थे और मानते थे कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी की सबसे सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने हमेशा स्वस्थ और स्वच्छ राजनीति की पैरवी की। उनका कहना था– 'लोकनीति लोभसंग्रह नहीं, बल्कि लोकसंग्रह है।', इसलिए नीतियों का निर्माण निजी स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि लोगों के कल्याण के लिए होना चाहिए। आचार्य जी का गहरा विश्वास था कि एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण उसके नागरिकों के कर्तव्य भाव के साथ ही अपने परिवार, अपने समाज और देश के प्रति गहरी प्रतिबद्धता की नींव पर होता है। उन्होंने लोगों को सदैव ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और आत्मनिर्भरता जैसे गुणों को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। ये गुण एक न्यायपूर्ण, करुणामय और समृद्ध समाज के लिए आवश्यक हैं।





## करण जौहर की फिल्म बुल से पीछे हटे सलमान खान

सलमान खान और करण जौहर की फिल्म श्बुलश् 2023 का सबसे चर्चित विषय रही है। ये जोड़ी विष्णुवर्धन की फिल्म में 25 साल बाद एक साथ तैयारी कर रही थी। फिल्म की शूटिंग नवंबर 2023 में शुरू होने वाली थी, लेकिन फिर जनवरी, उसके बाद फरवरी और फिर मई तक भी देरी हो गई और शूटिंग शुरू नहीं हुई। बहुत चर्चा के बाद, करण ने सलमान खान से जुलाई तक का समय मांगा और तभी सलमान ने अपने दोस्त साजिद नाडियाडवाला की फिल्म को सबसे आगे रखने का फैसला किया। वो करण जौहर की फिल्म से पीछे हट गए हैं। एआर मुरुगादॉस के साथ साजिद की फिल्म मई 2024 में फ्लोर पर जाने के लिए तैयार है। इस बीच, करण नवंबर 2024 तक बुल को फ्लोर पर ले जाने का सोच रहे थे। इस बीच, बॉलीवुड हंगामा के एक सूत्र ने खुलासा किया कि तारीखों के बहुत आगे-पीछे होने के बाद, करण और विष्णु अभी भी श्योर नहीं हो पाए थे। तभी सलमान ने इस प्रोजेक्ट से पीछे हटने का फैसला सुनाया। सलमान ने करण को अपना फैसला बता दिया है।
सूत्र के मुताबिक, सलमान ने प्रोजेक्ट में लगातार हो रही देरी के लिए किस्मत को जिम्मेदार ठहराया।

## कहीं धड़कनें ना बढ़ा दें गुलाबी साड़ी में लिपटीं आयशा खान!

रिएलिटी शो बिग बॉस 17 से चर्चा में आने वाली आयशा खान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो इंस्टाग्राम पर कई रील्स शेयर करती हैं, जो इंटरनेट पर देखते ही देखते वायरल हो जाते हैं। इस बार गुलाबी साड़ी में उनके तेवर देख फैंस का दिल जख्मी हो गया। उनकी कातिल अदाओं ने धड़कनें बढ़ा दीं। क्या आपने देखा उनका ये वायरल वीडियो?
आयशा खान को इंस्टाग्राम पर 4.6 मिलियन लोग फॉलो करते हैं। वो इस पर अपने प्रोजेक्ट्स से जुड़ी डिटेल्स शेयर करती हैं। साथ ही फैंस के लिए वीडियोज भी पोस्ट करती हैं, जिससे वो सबके दिलों पर बिजलियां गिराती हैं। फैंस का कुछ ऐसा ही हाल इस वीडियो को देखकर भी हुआ है, जिसमें वो गुलाबी साड़ी में कहर ढाती नजर आ रही हैं। आयशा खान ने बिग बॉस 17 में मुनव्वर फारूकी पर कई सारे इल्जाम लगाए थे। उन्होंने दावा किया था कि मुनव्वर ने उन्हें रिलेशनशिप में धोखा दिया। उनके साथ-साथ किसी और लड़की (नाजिला) को भी डेट किया।

## भारती सिंह के पति हर्ष लिम्बाचिया ने खरीदी 1.51 करोड़ की नई कार



फेमस कॉमेडियन भारती सिंह अपनी मेहनत और काबिलियत के दम पर इस मुकाम तक पहुंची हैं। उन्होंने कॉमेडी की दुनिया में खूब नाम कमाया। फिर शादी की। हर्ष लिम्बाचिया संग अपना घर बसाया। कपल को बेटा हुआ, जिसका निकनेम गोला है। भारती का ये छोटा-सा परिवार सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल होता है। इनके मजेदार व्लॉग लोग बड़े चाव से देखते हैं। भारती और हर्ष दोनों ही अपनी जिंदगी के एक-एक पल को अपने फैंस के साथ शेयर करते हैं। अब हर्ष ने एक गुड न्यूज दी है। उन्होंने नई कार खरीदी है, जिसकी कीमत करोड़ों में है। भारती सिंह ने इंस्टाग्राम पर कार के साथ अपनी फोटो शेयर की है, जिसमें वो अपनी गाड़ी को प्यार से निहार रहे हैं। वो कैप्शन में लिखते हैं, मेरी नई कार मेरी खुशी का ठिकाना है। इस पोस्ट पर बधाइयों का तांता लग गया है। अली गोनी, जैस्मीन भसीन सहित कई स्टार्स ने कॉमेंट सेक्शन में उन्हें बधाई दी है। भारती के पति ने कार खरीदी है, जोकि बेहतरीन सुविधाओं से लैस है। जानकारी के मुताबिक, इसकी कीमत 1.51 करोड़ रुपये है। कपिल शर्मा का नया शो नेटफ्लिक्स पर शुरू हो चुका है, जिसमें सुनील ग्रोवर भी नजर आ रहे हैं। कपिल संग हुए झगड़े के बाद सुनील कई साल बाद उनके साथ काम कर रहे हैं। वहीं, भारती ने कहा था कि वो फिलहाल अपने पॉडकास्ट में बिजी हैं।

# सौतेली बेटी के बर्थडे पर दीया मिर्जा का पोस्ट, हर कोई कर रहा तारीफ

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*बॉलीवुड में सबसे खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक दीया मिर्जा ने 2021 में बिजनेसमैन वैभव रेखी से शादी की, जिनकी पहले से एक बेटी थी। शनिवार को, दीया ने इंस्टाग्राम पर अपनी सौतेली बेटी समायरा रेखी को जन्मदिन की बधाई दी। समायरा वैभव और पहली पत्नी सुनैना की बेटी हैं। दीया और वैभव का एक बेटा भी है, जिसका नाम अव्यान आजाद रेखी है, जिसका जन्म 2021 में हुआ। दीया ने इंस्टाग्राम पर अपनी सौतेली बेटी के साथ प्यारी तस्वीरें शेयर कीं और उन्हें कैप्शन दिया, 15वें जन्मदिन की शुभकामनाएं बेबी गर्ल।*

**सगी मां भी ऐसा प्यार नहीं करती**
दीया मिर्जा का कैप्शन लोगों का दिल जीत रहा है। उन्होंने लिखा, मैं आपके दिल को हमेशा के लिए अपने दिल में रखती हूं। पहली तस्वीर में दीया और समायरा को सन-किस्ड सेल्फी में एक साथ पोज देते हुए दिखाया गया है, दोनों ने सफेद ड्रेस पहनी हुई है। पहाड़ी टोपी के साथ दीया ने अपने लुक में एक



पहाड़ी टच जोड़ा। दूसरी फोटो में समायरा और आजाद, दीया की गोद में लेटे हुए हैं।

**लोगों को आया समायरा पर प्यार**
दीया मिर्जा के पोस्ट शेयर करने के तुरंत बाद, उनके दोस्तों और फैंस ने कमेंट सेक्शन में आना शुरू कर दिया और जन्मदिन पर समायरा के लिए लाल दिल वाले इमोटिकॉन्स की भरमार ला दी। एक यूजर ने लिखा, जन्मदिन की शुभकामनाएं समायरा।श् एक ने कहा, श्सैम को जन्मदिन की शुभकामनाएं...भगवान आपका भला करें।श् एक ने लिखा, खूबसूरत!! जन्मदिन की शुभकामनाएं। एक यूजर ने कमेंट किया, श्उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं और भगवान उन्हें आशीर्वाद दें कि उनका आने वाला साल शानदार रहे।श् एक ने तो कह दिया, श्सगी मां भी ऐसा प्यार नहीं करती।

**दीया मिर्जा की आने वाली फिल्म**
वर्कफ्रंट पर, दीया को आखिरी बार ड्रामा फिल्म श्धक धकश् में देखा गया था जिसमें फातिमा सना शेख, रत्ना पाठक शाह और संजना सांघी भी थीं। वह अगली बार निर्देशक अनुभव सिन्हा की 'IC-814: द कंधार अटैक में दिखाई देंगी जो ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाली है। सच्ची घटना पर आधारित इस फिल्म में पंकज कपूर, पत्रलेखा, विजय वर्मा, नसीरुद्दीन शाह, मनोज पाहवा और कुमुद मिश्रा भी हैं।

# सेट से दूर रहेंगे रणबीर कपूर, नन्हे-मुन्हे राम और लक्ष्मण करेंगे शूट



*नितेश तिवारी की बड़ी फिल्म श्रामायणश् को लेकर चर्चा बनी हुई है और इससे जुड़ी कई खबरें लगातार सामने आ रही हैं। अब फिल्म की शूटिंग को लेकर चर्चा है कि ये 2 अप्रैल से शुरू हो जाएगी। इस बीच, ये भी पता चला है कि रणबीर कपूर फिलहाल शूटिंग का हिस्सा नहीं होंगे। वो महीने के बीच में आएंगे।*

नितेश तिवारी की सबसे बड़ी फिल्म श्रामायणश् में रणबीर कपूर, साई पल्लवी, यश और सनी लीड रोल्स में हैं। ये भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक होने जा रही है। जहां रणबीर भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं, वहीं साई पल्लवी को सीता, यश को रावण और सनी देओल को हनुमान की भूमिका में लिया जा रहा है। पिछले कुछ हफ्तों में, रामायण को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं, जिनमें से कुछ ने तो यहां तक कहा है कि फिल्म 2025 में ही फ्लोर पर जाएगी। हालांकि, अब, पता चला है कि रामायण की शूटिंग 2 अप्रैल से मुंबई में होगी। एक सूत्र ने बताया कि, नितेश तिवारी और उनकी टीम 2 अप्रैल से मुंबई में शूटिंग शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म सिटी में एक सेट बनाया गया है और यहीं से इस दिव्य फिल्म की यात्रा शुरू होती है। यह एक गुरुकुल का सेट-अप है, जिसे पोस्ट-प्रोडक्शन के लिए एक हरे रंग की स्क्रीन के साथ जोड़ा गया है। पहला शेड्यूल बाल कलाकारों की भूमिका निभाने के साथ शुरू होता है। भगवान राम, लक्ष्मण और भरत के लिए बच्चे इसकी शूटिंग करेंगे।

**बचपन के रोल की शूटिंग होगी शुरू**
सूत्र ने आगे बताया, नितेश तिवारी भगवान राम के बचपन के हिस्सों की शूटिंग करेंगे, जहां गुरु वशिष्ठ भगवान राम और उनके भाइयों को जीवन की शिक्षा देते हैं। गुरु वशिष्ठ की भूमिका निभाने के लिए शिशिर शर्मा को चुना गया है, जबकि बाल कलाकारों के नाम अभी गुप्त रखे गए हैं। यह रामायण पर एक प्यारी प्रस्तुति है और निर्माता किताबों में लिखे गए हर हिस्से के साथ न्याय करने के लिए सोच चुके हैं।

**रणबीर कपूर अभी नहीं करेंगे शूटिंग**
रणबीर कपूर इस शेड्यूल का हिस्सा नहीं होंगे। सूत्र ने बताया, शुरू के सीन्स की शूटिंग के बाद, रणबीर फिल्म के 3डी स्कैन के लिए अगले सप्ताह एलए रवाना होंगे। वह पिछले कुछ महीनों में कई बार एलए गए हैं और यह स्कैन का अंतिम दौर होगा, जिसका इस्तेमाल पोस्ट-प्रोडक्शन में किया जा सकता है। उनके अप्रैल के बीच तक रामायण टीम में शामिल होने की उम्मीद है।

# चेहरे से जान लें शरीर का कौन सा अंग होगा खराब

*हम सभी अपनी त्वचा का खूब ख्याल रखते हैं। इसे सुंदर बनाने के लिए क्या कुछ नहीं करते। क्रीम से लेकर महंगे प्रोडक्ट तक इस्तेमाल करते हैं, ताकि स्किन ब्यूटीफुल दिखे। पर त्वचा को सुंदर रखने के अलावा हेल्दी रखना भी जरूरी है। ऐसा इसलिए क्योंकि आपकी स्किन जितनी हेल्दी रहेगी, आपके शरीर के अंग भी उतने ज्यादा हेल्दी रहेंगे।*



**पिंपल्स (डाइजेशन)**
चेहरे पर पिंपल्स होना आम होता है। लेकिन अगर आपके चेहरे के चीक एरिया पर पिंपल लगातार बने हुए हैं और कम नहीं हो रहे हैं, तो इसका मतलब है कि आपका पेट साफ नहीं है और आपको डाइजेशन की प्रॉब्लम रहती है। वहीं अगर आपके गालों के नीचे की तरफ पिंपल्स होते हैं, तो समझ जाएं कि आपकी लंग्स में कोई न कोई खराबी है। इसके लिए आपको टेस्ट जरूर करा लेना चाहिए।


**डार्क सर्कल (किडनी):** वैसे तो ज्यादा स्क्रीन देखने या नींद न लेने से डार्क सर्कल हो जाते हैं। लेकिन अगर आपकी आंखों के नीचे काले घेरे हैं, तो इसका मतलब है कि आपकी किडनी ठीक से काम नहीं कर रही है। शंका को दूर करने के लिए टेस्ट करा लें।

**व्हाइट हेड (पीसीओडी):** ठुड्डी पर मुंहासों की प्रॉब्लम अक्सर हार्मोन इंबैलेंस के कारण होते हैं। अगर आप चिन एरिया में व्हाइट हैट या एक्ने की प्रॉब्लम है, तो इसका मतलब है कि आप गायनोलॉजिकल हेल्थ से जूझ रहे हैं। आपको पीसीओडी या पीसीओएस की दिक्कत हो सकती है।

**अपर लिप पर पिंपल (हार्ट):** अपर लिप हमारी स्किन का बहुत ही सेंसिटिव एरिया होता है। यहां पर पिंपल होना बहुत ही रेयर कंडीशन है। लेकिन आपके साथ ऐसा है, तो यह आपके खराब हार्ट फंक्शनिंग को दर्शाता है।

**आइब्रो पर सूजन (लिवर):** अगर आपकी आईब्रो के आसपास सूजन, खुजली या अन्य कोई समस्या दिखाई देती है, तो आपको अपना लिवर टेस्ट कराना चाहिए। आइब्रो पर होने वाली कोई भी स्किन प्रॉब्लम आपके लिवर से जुड़ी हो सकती है।

**फोरहेड पर मुंहासे (पेट):** फोरहेड पर मुंहासे छोटी आंत में संक्रमण या छोटी आंत के खराब होने के कारण होते हैं। इसके अलावा आपको पेट से जुड़ी समस्या है, तो भी आपको मुंहासे निकल सकते हैं। इससे बचने के लिए हाइड्रेट रहने की कोशिश करें। अपने अंगों को स्वस्थ और सुरक्षित रखना बहुत जरूरी है। इसके लिए साफ सुथरा खाना खाएं, बॉडी को डिटॉक्स करें, 20 प्रतिशत आराम करें और नियमित रूप से ऑर्गेनिक फूड बेस्ड प्रोडक्ट्स का सेवन करें। ध्यान रखें, अगर आपके ऑर्गन हेल्दी नहीं हैं, तो आप खूबसूरत त्वचा की कल्पना नहीं कर सकते।



## दवा खाने से नहीं मिलेगा सुकून, बैठे-बैठे ये काम करके मिलेगी असली शांति

आज के दौर में मन की शांति हर कोई चाहता है जो आसानी से नहीं मिलती। आप दवाइयां खाकर मन की शांति प्राप्त नहीं कर सकते, लेकिन एक योग मुद्रा इस मामले में आपकी मदद कर सकती है। योगाभ्यास करते समय नमस्कार मुद्रा का अभ्यास सबसे पहले और अंत में करना चाहिए। इसके लिए पद्मासन या सुखासन में बैठकर मन को गहरी सांस के साथ शांत कर लें। फिर सांस को सामान्य रखते हुए हथेलियों को छाती के मध्य लाकर आपस में मिलाकर हथेलियों को आपस में थोड़ा दबाएं। यहां उंगलियां ऊपर की ओर और अंगूठे छाती से स्पर्श करेंगे। आंखें बंद कर आप भगवान का ध्यान करें। जीवन में मौजूद चीजों और लोगों के होने का धन्यवाद करें। वैसे ही नमस्कार मुद्रा किसी से मिलते समय अभिवादन के लिए प्रयोग की जाती है। सभी मनुष्यों में एक दिव्य चेतना हृदय चक्र में स्थित है। नमस्ते का अर्थ है, एक जीवात्मा का दूसरी जीवात्मा से आभार प्रकट करना। योग साधना में इसका प्रयोग व्यक्तिगत विकास के लिए किया जाता है, जिससे हृदय चक्र जागने लगता है, मन शांत और एकाग्र हो जाता है। सुस्ती दूर होती है, मस्तिष्क को बल मिलता है व भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए बड़ा लाभकारी है। सभी के प्रति सम्मान का भाव प्रबल होता है। जिससे भी मिलें उसका सम्मान करें। सभी जीवधारी प्राणियों के लिए प्रेम का भाव रखें।

# बच्चे के शरीर में बेकाबू हो रही है डायबिटीज, इन लक्षणों से लगता है पता




एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*डायबिटीज लोगों के लिए जानलेवा बनती जा रही है। यह एक क्रॉनिक कंडीशन है, जो आजकल क्या बुजुर्ग क्या जवान सभी को प्रभावित कर रही है। टीनएजर्स और 20 साल के आसपास के युवा इस बीमारी की चपेट में ज्यादा आ रहे हैं। बता दें कि युवाओं में टाइप 1 और टाइप 2 डायबिटीज दोनों देखी जा रही हैं, लेकिन टाइप 2 डायबिटीज जिसे डायबिटीज मेलिटस कहते हैं के लक्षण दिखाई न देने के कारण इसका निदान देर में हो पाता है। अमेरिका के रिसर्चर्स ने 2002 से 2017 तक के आंकड़ों का विश्लेषण करते हुए भविष्यवाणी की है कि देश में टाइप 1 और टाइप 2 डायबिटीज वाले युवाओं की संख्या 2017 में 213,000 से बढ़कर 2060 में 239,000 हो जाएगी। अगर यहां बताए गए कुछ संकेतों पर जल्दी ध्यान दिया जाए, तो युवाओं में डायबिटीज को बढ़ने से रोका जा सकता है।*

**पेशाब और प्यास बढ़ना**
अगर एक स्वस्थ व्यक्ति की पेशाब और प्यास में वृद्धि होने लगे, तो यह टाइप 1 और टाइप 2 डायबिटीज का संकेत है। अचानक से इन लक्षणों का अनुभव करने वाले युवा लोगों को ज्यादा सावधान रहने की जरूरत है। क्योंकि यह लक्षण हाई ब्लड शुगर लेवल का भी संकेत दे सकता है।

**अचानक से वजन घटना**
वजन बढ़ना तो सामान्य है, लेकिन नियमित भोजन के बाद भी आपका वजन लगातार कम हो रहा है, तो डायबिटीज का रिस्क है। इस दौरान डायबिटीज वालों का वजन उम्मीद के मुताबिक नहीं बढ़ता ऐसा होना




टाइप 1 और टाइप 2 डायबिटीज वालों के लिए खतरे की घंटी है।

**थकान**
जरूरत से ज्यादा थकान होने का मतलब है कि आप डायबिटीज की गिरफ्त में हैं। इस स्थिति में हमारा शरीर ऊर्जा के लिए ग्लूकोज का पर्याप्त उपयोग नहीं कर पाता। जिससे थकान हो सकती है। इस लक्षण को पहचानकर जल्द ही डायबिटीज को मैनेज किया जा सकता है।

**आंखों की रोशनी कमजोर होना**
दृष्टि में परिवर्तन हाई ब्लड शुगर लेवल से जोड़कर देखा जाता है। कम उम्र के लोगों के लिए जरूरी है कि वे अपनी दृष्टि में बदलाव के प्रति सचेत रहें और तुरंत टेस्ट कराएं। खासतौर से जिन लोगों के पहले से चश्मा लगा हुआ है, अगर विजन में कोई प्रॉब्लम हो, तो लक्षण को इग्नोर न करते हुए आई टेस्ट कराना चाहिए। यहां बताए गए लक्षणों पर ध्यान देना जरूरी है। क्योंकि 200 से ज्यादा होने पर डायबिटीज होने की संभावना बढ़ जाती है। खासतौर से निदान के बाद इसे अनुपचारित छोड़ दिया जाए, तो टाइप 1 डायबिटीज वाले लोगों को डायबिटीज कीटोएसिडोसिस होने का खतरा हो सकता है।

**मधुमेह कीटोएसिडोसिस क्या है**
टाइप 1 डायबिटीज वाले लोग अगर लक्षणों पर ध्यान देने से चूक जाएं, तो डायबिटीज कीटोएसिडोसिस का खतरा होता है। यह स्थिति तब होती है जब शरीर ऊर्जा के लिए ग्लूकोज का उपयोग बंद करके फैट को तोड़ना शुरू कर देता है, जिससे कीटोन का प्रोडक्शन शुरू हो जाता है। इससे शरीर के पीएच लेवल में खतरनाक रूप से असंतुलन पैदा होने लगता है।

**डायबिटीज कीटोएसिडोसिस के लक्षण**
मतली, उल्टी, पेट में दर्द और सांस में एक अजीब गंध डायबिटीज कीटोएसिडोसिस के मुख्य लक्षण हैं। इन लक्षणों पर ध्यान देना बहुत जरूरी है, क्योंकि इसका तुरंत इलाज न किया जाए तो यह जीवन के लिए बड़ा खतरा है। टाइप 1 और टाइप 2 डायबिटीज के बीच अंतर करने और डायबिटीज कीटोएसिडोसिस के विकास को रोकने के लिए समय पर इसकी पहचान करना बेहद जरूरी है। नियमित जांच की मदद से युवाओं में डायबिटीज को मैनेज करने में बहुत मदद मिल सकती है।

## शरीर में कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ गया है, ये लक्षण करते हैं अलर्ट

कोलेस्ट्रॉल एक तरह का फैट होता है, जिसका उत्पादन लिवर करता है और यह शरीर के कई फंक्शन के लिए आवश्यक है। इसके दो प्रमुख प्रकार होते हैं, गुड कोलेस्ट्रॉल और बैड कोलेस्ट्रॉल। बैड कोलेस्ट्रॉल हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है और गुड कोलेस्ट्रॉल फायदेमंद। लेकिन कोलेस्ट्रॉल का लेवल में होना आवश्यक है, बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल हार्ट के लिए खतरे की घंटी होता है। शरीर में कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ने पर उसके लक्षण नजर आने लगते हैं और जिसका समय रहते इलाज बहुत जरूरी है। कोलेस्ट्रॉल का बढ़ना हमेशा खतरनाक होता है। इसके इलाज के लिए जरूरी है कि पहले आप इसके लक्षणों को पहचानें। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार अगर कोई भी काम करते आपको जल्दी थकान महसूस होने लगती है, तो यह सामान्य नहीं है। खासतौर पर थोड़ी दूर चलते ही थकान महसूस होती है या सांस फूलने लगती है। अगर ऐसा है, तो यह आपके शरीर में हाई कोलेस्ट्रॉल का भी लक्षण हो सकता है। तो ऐसे में आपको अपने कोलेस्ट्रॉल का लेवल जरूर चेक करवाना चाहिए। जब खून में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा अधिक बढ़ जाती है।

## डेंगू की दवा है कीवी मगर ज्यादा खाने से हो सकती हैं ये गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं



कीवी एक ऐसा फल है, शरीर की रिकवरी और अच्छे स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। इसके सेवन के बहुत से स्वास्थ्य लाभ हैं। यह अच्छे पाचन क्रिया में भी मदद करता है। लेकिन यह फल तभी तक फायदा करता है, जब आप इसका सही ढंग से और सही मात्रा में सेवन करें। कई लोग इस फल का ज्यादा फायदा लेने के चक्कर में अधिक सेवन करने लगते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। क्योंकि अति किसी भी चीज की नुकसानदेह होती है। अधिक मात्रा में कीवी खाने से आपको पेट की समस्या भी हो सकती है। जिस कारण लोगों को उल्टी होने लगती है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन की एक रिपोर्ट के अनुसार अधिक कीवी के सेवन से पेट की समस्या के अलावा और भी कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। कुछ लोगों में एलर्जी भी देखने को मिलती है। कीवी में विटामिन सी, पोटेशियम और अन्य पोषक तत्व होते हैं। शरीर के लिए पोषक तत्व भी सही मात्रा में जरूरी है। अति किसी भी चीज की नुकसानदेह होती है। कीवी के अधिक सेवन से कुछ लोगों में ब्लीडिंग की परेशानी हो सकती है। कीवी खून के जमने प्रोसेस के समय को बढ़ा देता है, जिस वजह से शरीर पर कहीं भी कटने या छिलने पर खून जल्दी रुकता नहीं है। इस कारण कुछ लोगों में छोटी सी चोट में भी हैवी ब्लीडिंग हो सकती है।



**ऑरेंज कैप के टॉप-5**

विराट कोहली – 3 मैचों में 181 रन
हेनरिच क्लासेन – 3 मैचों में 167 रन
शिखर धवन – 3 मैचों में 137 रन
डेविड वॉर्नर– 3 मैचों में 130 रन
रियान पराग – 2 मैचों में 127 रन

## ऑरेंज कैप पर विराट कोहली का कब्जा बरकरार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईपीएल में बीते दिन दो मैच खेले गए। पहले मैच में गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 7 विकेट से हराया और दूसरे मैच में सीएसके को हराकर दिल्ली ने जीत का खाता खोला। सीएसके के खिलाफ खेले गए मैच में दिल्ली टीम के ओपनर डेविड वॉर्नर ने अर्धशतकीय पारी खेली थी, जिसके दम पर दिल्ली ने 191 रन बनाए। डेविड वॉर्नर ने इस पारी के दम पर ऑरेंज कैप की लिस्ट में टॉप–5 में एंट्री कर ली हैं। हालांकि, हेनरिक से ऑरेंज कैप छीनने वाले विराट कोहली से अब तक ऑरेंज कैप कोई नहीं छीन सका। आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का ऑरेंज कैप पर कब्जा बरकार हैं। आईपीएल 2024 में विराट कोहली ने केकेआर के खिलाफ 83 रन की उम्दा पारी खेली थी, जिसके बाद से उनके सिर ऑरेंज कैप सजी हुई हैं। दूसरे नंबर पर सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन हैं, जिन्होंने 3 मैचों में 167 रन बनाए हैं और उनकी नजरें कोहली के इस ऑरेंज कैप पर बनी हुई हैं। शिखर धवन ऑरेंज कैप की रेस में तीसरे स्थान पर हैं। सीएसके के खिलाफ मैच में 52 रन की पारी खेलने वाले डेविड वॉर्नर ने टॉप–5 की इस लिस्ट में एंट्री कर ली हैं। रियान पराग पांचवें स्थान पर 2 मैचों में 127 रन बनाकर मौजूद हैं।

# दो साल तक माही को और खेलना चाहिए

**क्रिकेट**

## एमएस धोनी की पारी पर फिदा हुआ पूर्व भारतीय कप्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। एमएस धोनी ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ विशाखापट्नम में तूफानी पारी खेली, जिसे देखकर कृष श्रीकांत माही के दीवाने हो गए। चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम 20 रन से मैच हार गई, लेकिन धोनी की पारी ने मैच के नतीजे को बेफिक्र बनाते हुए फैंस को अपने खेल का दीवाना बना दिया। पता हो मौजूदा आईपीएल में एमएस धोनी पहली बार बैटिंग करने उतरे थे। हालांकि, एमएस धोनी ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया कि वो लंबे समय से क्रिकेट एक्शन से दूर हैं और केवल 16 गेंदों में चार चौके व तीन छक्के की मदद से नाबाद 37 रन बनाए। श्रीकांत ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि सीएसके के पूर्व कप्तान की पारी देखकर उनके पास शब्द खत्म हो गए हैं।



कृष श्रीकांत ने कहा कि मुझे नहीं पता कि इसे कैसे अभिव्यक्त करूं। एक तरफ एमएस धोनी का फैन होने के नाते मैं बहुत खुश हूं। इस मामले में कि 42 की उम्र में कोई इस तरह की पारी खेल रहा है। बिना किसी फिक्र के बेहतरीन शॉट जमा रहा है। ये तो विंटेज धोनी है। 2005 में एमएस धोनी ने वाइजैग में पाकिस्तान के खिलाफ शतक जमाया था।

अपने इंटरनेशनल करियर के पहले मैच में धोनी बिना खाता खोले आउट हुआ था। फिर जल्दी ही उसने पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा दी। उसने प्वाइंट के ऊपर से छक्के जड़े। एक हाथ से छक्के जड़कर गेंद को मिड विकेट क्षेत्र के स्टैंड्स में भेजा। वो सभी जगह छक्के लगा रहा था। उन्होंने दिल्ली के गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ दी। क्या तो पारी थी। पहले वो ऑफ साइड में बड़े शॉट खेलने के लिए प्वाइंट क्षेत्र के ऊपर से शॉट खेलता था। मगर वो कवर ड्राइव, वो छक्का बेहतरीन था।

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और चयनकर्ता कृष श्रीकांत ने कहा कि धोनी की पारी ने सीएसके और उसके फैंस को नैतिक जीत दी है। श्रीकांत ने साथ ही कहा कि धोनी इस पल सर्वश्रेष्ठ भारतीय विकेटकीपर हैं। श्रीकांत का मानना है कि एमएस धोनी अभी दो साल और आईपीएल में खेल सकते हैं। वैसे, दिल्ली ने अच्छी गेंदबाजी की। मगर धोनी की बैटिंग सनसनीखेज थी। हां सीएसके हार गया। मगर ये सीएसके फैंस की नैतिक जीत है क्योंकि सभी लोग एमएस धोनी को बैटिंग करते देखने का इंतजार कर रहे थे।

# उम्र को लेकर ताना मार रहे थे रवि शास्त्री

▪ मोहित की अगुवाई में जीती गुजरात टाइटंस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अहमदाबाद। अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहित शर्मा का स्वप्निल सफर आईपीएल के 17वें सीजन में भी जारी है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के इस पेसर ने 25 रन देकर तीन विकेट झटकते हुए प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया। डेथ ओवर्स में मोहित की कातिलाना गेंदबाजी के बूते ही सनराइजर्स हैदराबाद 162 रन पर थम गई। जवाब में गुजरात टाइटंस ने आसानी से सिर्फ तीन विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

मैच के बाद जब प्राइज सेरेमनी के दौरान मोहित शर्मा अपना अवॉर्ड लेने पहुंचे तो मशहूर कमेंटेटर रवि शास्त्री ने मोहित शर्मा की उम्र का मजाक उड़ाया, जवाब में भारतीय गेंदबाज ने जो कहा, वो आपका जीत जीत लेगा। मोहित 35 साल और 195 दिन के हो चुके मोहित शर्मा जब 'प्लेयर ऑफ द मैच' का अवॉर्ड लेने पहुंचे तो रवि शास्त्री ने उनका यह कहकर स्वागत किया कि 'उम्र के साथ बेहतर होते जा रहे हैं'। इस पर मोहित ने मजाकिया अंदाज में कहा, 'मुझे यह याद दिलाने के लिए धन्यवाद सर कि मेरी उम्र बढ़ रही है।

मुकाबले की बात करें तो मोहित शर्मा की अगुवाई में शानदार गेंदबाजी के बाद डेविड मिलर की 44 रन की आक्रामक पारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को रविवार के पहले मुकाबले में सात विकेट से शिकस्त दी। मोहित शर्मा ने डैथ ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन किया जबकि अफगानिस्तान के स्पिनरों राशिद खान और नूर अहमद ने बीच के ओवरों में किफायती गेंदबाजी की जिसके दम पर गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट पर 162 रन पर रोक दिया। टाइटंस ने 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 168 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

मोहित शर्मा का महेंद्र सिंह धोनी की खोज माना जाता है। मोहित कभी चेन्नई सुपरकिंग्स के लीड बोलर थे, जो काम आज दीपक चाहर करते हैं, कभी माही उनसे करवाते थे। आईपीएल 2014 में तो 23 विकेट लेकर उन्होंने पर्पल कैप हासिल की थी। 2015 में उन्हें महेंद्र सिंह धोनी ने 50 ओवर का वर्ल्ड कप खिलाया।

## इस पर मैंने अपनी जिंदगी बनाई है: ऋषभ पंत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऋषभ पंत ने गंभीर कार एक्सीडेंट के बाद अपनी नेतृत्वक्षमता दिखाई और वापसी के बाद पहला आईपीएल अर्धशतक जमाया। पंत की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2024 के 13वें मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स को 20 रन से मात देकर टूर्नामेंट में अपनी जीत का खाता खोला। ऋषभ पंत ने मैच के बाद अपनी पारी के बारे में बातचीत करते हुए कहा कि उन्होंने शॉट्स खेलने से पहले क्रीज पर जमने के लिए समय लिया। उन्होंने ध्यान दिलाया कि पिछले डेढ़ साल से वो इस पल का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे और उनकी जिंदगी क्रिकेट के ईर्द–गिर्द घूम रही थी। शुरुआत में अपना समय लिया क्योंकि मैंने ज्यादा क्रिकेट नहीं खेली थी। मगर मेरा लगातार विश्वास था कि मैं मैच बदल सकता हूं। डेढ़ साल, ये कुछ ऐसा है, जिस पर मैंने अपनी जिंदगी बनाई है। मैं क्रिकेटर के रूप में लगातार सीखना जारी रख रहा हूं।

**न्यूज डायरी**



## श्रीलंका ने तोड़ा भारत का 48 साल पुराना टेस्ट रिकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चटगांव। सुनील गावस्कर (66), मोहिंदर अमरनाथ (70), गुंडप्पा विश्वनाथ (68), अशोक मांकड (50), सैयद किरमानी (64) और बिशन सिंह बेदी (50) के अर्धशतकों की मदद से भारत ने 1976 में कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 524छ9क का विशाल स्कोर खड़ा किया था। किसी बल्लेबाज के शतक लगाए बिना पूरी टीम का यह टेस्ट मैच की एक पारी में सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड था। अब 48 साल बाद श्रीलंका ने इसे चकनाचूर कर दिया है। बांग्लादेश दौरे पर दो टेस्ट मैच की सीरीज के आखिरी और निर्णायक टेस्ट के दूसरे दिन श्रीलंका ने अपनी पहली पारी 531 रन पर घोषित की। श्रीलंका के छह बल्लेबाजों ने मैच में अर्धशतक जमाया, इसके जवाब में बांग्लादेश ने खबर लिखे जाने तक तीसरे दिन छह विकेट गंवाकर 131 रन बना लिए हैं। बांग्लादेश अभी पहली पारी के हिसाब से 395 रन से पीछे है। श्रीलंका के लिए कोई भी बल्लेबाज शतक नहीं जड़ सका, लेकिन उन्होंने सुनिश्चित किया कि लगातार अंतराल पर विकेट नहीं गवाए। पहले टेस्ट में दो शतक जड़ने वाले कामिंडु मेंडिस 92 रन बनाकर नाबाद रहे क्योंकि 10वां विकेट रन आउट से गिरा।

## वैभव सूर्यवंशी ने वनडे में तिहरा शतक जड़कर तोड़ डाला रोहित शर्मा का रिकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीहट (बेगूसराय)। बिहार क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित रणधीर वर्मा अंडर–19 वनडे प्रतियोगिता में रविवार को अविजित तिहरा शतक जमाकर समस्तीपुर के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने विश्व रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले 2002 काउंटी के प्रथम श्रेणी के वनडे मैच में सरे की ओर से अली ब्राउन ने ग्लेमोर्गन के विरुद्ध रिकार्ड 268 रन की पारी खेली थी। वैसे वनडे में भारत के रोहित शर्मा ने सर्वाधिक 264 रन बनाए हैं। वैभव वनडे क्रिकेट में तिहरा शतक जमाने वाले पहले भारतीय हैं। इस प्रारूप में अभी तक एकमात्र तिहरा शतक दृष्टिबाधित क्रिकेट टूर्नामेंट में लगा है। 14 जून 2022 को ऑस्ट्रेलिया के स्टीफन नीरो ने ब्रिस्बेन में न्यूजीलैंड के विरुद्ध वनडे क्रिकेट में पहला तिहरा शतक जड़ कर इतिहास रचा था। नीरो ने 140 गेंदों में नाबाद 309 रनों की पारी खेली थी। वहीं, वैभव सूर्यवंशी ने 178 गेंदों में 332 रनों की धमाकेदार पारी खेली और अविजित रहे। उनके योगदान से समस्तीपुर ने सहरसा को 281 रन के बड़े अंतर से पराजित कर दिया।

## माही की तूफानी बल्लेबाजी पर पत्नी साक्षी का आया मजेदार रिएक्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्सने सीएसके के विरुद्ध पांच विकेट पर 191 रन बनाए। इसके जवाब में सीएसके छह विकेट पर 171 रन ही बना पाई। दिल्ली ने 20 रनों से यह मैच जीत, आईपीएल 2024 में अपना पहला मुकाबला जीत लिया। इस मैच में एमएस धोनी के फैंस की इच्छा आखिरकार पूरी हो गई। इस सीजन में पहली बार माही बल्लेबाजी करने आए। माही आए और मैदान में छाए। उन्होंने 20वें ओवर में 20 रन बनाए। धोनी ने 16 गेंद पर नाबाद 37 रन की पारी खेली। इस दौरान 4 चौके और 3 छक्के लगाए। माही की तूफानी पारी पर उनकी पत्नी साक्षी सिंह का रिएक्शन सामने आया, जो इस समय सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। एमएम को तूफानी पारी के लिए इलेक्ट्रिक स्ट्राइकर ऑफ द मैच से नवाजा गया। साक्षी सिंह ने माही की ट्रॉफी के साथ एक तस्वीर को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा, म्हाय धोनी! पता नहीं चला कि हम मैच हार गए। लंबे बाल रखकर लुक्स में अपने पुराने दिनों की याद दिलाने वाले महेंद्र सिंह धोनी दिल्ली कैपिटल्स के विरुद्ध बल्लेबाजी में भी पुराने रंग में दिखे। चेन्नई सुपरकिंग्स को पांच बार चैंपियन बनाने वाले पूर्व कप्तान इस सत्र में पहली बार बल्लेबाजी करने उतरे। पहले ही गेंद पर चौका लगाकर उन्होंने दर्शा दिया कि अभी भी उनमें क्रिकेट शेष है। धोनी ने 231.25 की स्ट्राइक रेट से 16 गेंदों में 37 रनों की अविजित पारी खेली। अंतिम ओवर में नोर्त्जे के विरुद्ध उन्होंने दो चौके और उतने ही छक्के जड़कर हार के अंतर को कम करने का भरपूर प्रयास किया। हालांकि, इसके बावजूद उनकी टीम 20 रनों से पिछड़ गई। दिल्ली कैपिटल्स के लिए अच्छी बात यह रही कि उन्हें प्रारंभिक जोड़ी मिल गई। वार्नर और पृथ्वी शा की इस जोड़ी ने कप्तान पंत को निराश नहीं किया।

पेज थ्री देहरादून

एमडीएस के 78 और बीडीएस के 431 छात्रों को डिग्री प्रदान करते हुए।



देहरादून, मंगलवार, 2 अप्रैल 2024 पेज 8

हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### कैबिनेट मंत्री ने कैनाल रोड में किया जनसंपर्क

**संवाददाता** देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को मसूरी विधानसभा क्षेत्र के कैनाल रोड वार्ड नंबर 07 में टिहरी लोकसभा सीट की पार्टी प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह के पक्ष में जनसंपर्क किया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना चाहती है। इस अवसर पर मसूरी विधानसभा चुनाव प्रभारी कमली भट्ट, मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, महानगर महामंत्री सुरेंद्र राणा, मंडल महामंत्री आशीष थापा, पूनम नौटियाल, अरविंद डोभाल, अमित थापा, निरंजन डोभाल, मोहित जायसवाल, संजय नौटियाल, योगेश घाघट, कमल थापा, चुन्नी लाल, विनय गुप्ता, दीपक बहुखंडी, प्रमोद थापा, वरुण छेत्री, किरण पासवान उपस्थित रहे।

### युवा कांग्रेस ने बनाया लीगल सेल वॉर रूम

**संवाददाता** देहरादून। लोकसभा चुनाव को लेकर युवा कांग्रेस ने लीगल सेल वॉर रूम और रैपिड रिस्पांस टीम का गठन कर दिया है। युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने बताया कि लोकसभा चुनाव में युवा कांग्रेस की भूमिका बेहद अहम होने जा रही है। युवा कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता पार्टी प्रत्याशियों को जिताने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। चुनाव के दौरान हर तरह की स्थिति से निपटने को लीगल सेल वॉर रूम बनाया गया है। इसी के साथ रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया है।

### एमडीएस के 78 और बीडीएस के 431 छात्रों को डिग्री प्रदान की

**संवाददाता** ऋषिकेश। सीमा डेंटल कॉलेज एवं हास्पिटल में दीक्षांत समारोह हुआ। जिसमें एमडीएस के 78 और बीडीएस के 431 छात्र–छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई। एम्स निदेशक प्रोफेसर मीनू सिंह ने कहा कि दंत चिकित्सकों की जरूरत सिर्फ बड़े शहरों तक ही नहीं अपितु गांव में भी है। सोमवार को सीमा डेंटल कॉलेज एवं हास्पिटल ऋषिकेश में एचएनबी गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में स्नाकोत्तर एवं स्नातक छात्रों का दीक्षान्त समारोह आयोजित हुआ।

### भारत को पूरे विश्व में मिल रहा सम्मानः कैलाश खेर

**संवाददाता** ऋषिकेश। पद्मश्री कैलाश खेर परमार्थ निकेतन पहुंचे। उन्होंने परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती से मुलाकात की। सोमवार को पद्मश्री कैलाश खेर ने परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती से आशीर्वाद लिया। कैलाश खेर ने कहा कि आज पूरे विश्व में भारत का बहुत बड़े स्तर पर नाम है। भारत को पूरे विश्व में सम्मान मिल रहा है। भारत की ओर पूरा विश्व देख रहा है। वर्तमान समय में ऐसा लग रहा है, मानो सभी भारतीय जाग गए हैं।

# आदर्श आचार संहिता की गाईडलाईन सभी के लिए समान

**बैठक**

■ सामान्य प्रेक्षक ने निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थी एवं अभ्यर्थियों के अभिकर्ताओं के साथ की बैठक



**संवाददाता**

देहरादून। सामान्य प्रेक्षक, 01–टिहरी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र कुंजी लाल मीना की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट मे टिहरी संसदीय क्षेत्र से निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थी एवं अभ्यर्थियों के अभिकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई। इस दौरान प्रेक्षक द्वारा निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थी एवं अभ्यर्थियों के अभिकर्ताओं के सवालों का जवाब देते हुए उनकी शंकाओं का भी समाधान किया। बैठक में लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 हेतु रिटर्निंग अधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सोनिका ने निर्वाचन सम्बन्धी विभिन्न व्यवस्था एवं तैयारियों की जानकारी दी गई। नियुक्त नोडल अधिकारियों द्वारा मा0 प्रेक्षक की उपस्थिति में निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थी एवं अभ्यर्थियों के अभिकर्ताओं को निर्वाचन के दौरान की जाने वाली गतिविधि एवं कार्यवाही के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई।

सामान्य प्रेक्षक श्री कुंजी लाल मीना ने कहा कि आदर्श आचार संहिता की गाईडलाईन सभी अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलों के लिए समान है, उन्होंने कहा कि निर्वाचन में जो कार्यक्रमध्गतिविधि आयोजित की जाएंगी उनका निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुरूप किया जाएगा। उन्होंने निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थी एवं अभ्यर्थियों के अभिकर्ताओं से कहा कि यदि किसी अभ्यर्थी/अभिकर्ता राजनैतिक दल को कोई क्षेत्र अथवा बूथ ऐसा लग रहा है जहां मतदान प्रभावित होने की संभावना है तो उसकी सूचना दे सकते हैं ताकि ऐसे स्थान पर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था पहले की जा सके। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की गाईडलाइन के अनुसार निर्वाचन में प्रतिभाग कर रहे अभ्यर्थियों को अपराधिक इतिहास सम्बन्धी सूचना इलैक्ट्रानिक एवं प्रिंट मीडिया प्रकाशित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के गाईडलाईन के अनुसार निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थी अपने अभिकर्ताओं को नियुक्त करेंगे ।

सामान्य प्रेक्षक ने नर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थी एवं अभ्यर्थियों के अभिकर्ताओं को निर्वाचन के दौरान किसी भी निर्वाचन सम्बन्धी शिकायत समस्या को लेकर सीधे उनके दूरभाष नम्बर पर सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त निर्वाचन सम्बन्धी विभिन्न समस्या, अनुमति आदि निर्वाचन सम्बन्धी समुचित जानकारी एवं शंका/शिकायत हेतु रिटर्निंग अधिकारी–01 टिहरी गढवाल एवं उनकी टीम से सम्पर्क किया जा सकता है।

बैठक में रिटर्निंग अधिकारी 01–टिहरी गढवाल संसदीय क्षेत्र/जिला निर्वाचन अधिकारी देहरादून श्रीमती सोनिका, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह, नोडल अधिकारी आदर्श आचार संहिता गौरव कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन ध्रुव जिला निर्वाचन अधिकारी जयभारत सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह, नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण नीतू भण्डारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पी.सी त्रिपाठी सहित सहायक रिटर्निंग अधिकारी उपस्थित रहे।

### 24 घंटे कन्ट्रोलरूम किये गये स्थापित

24×7 कन्ट्रोलरूम स्थापित किये गये है। जिसमें नगर निगम परिसर में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के सम्बन्ध में एमसीसी कन्ट्रोलरूम 0135–2652571, दूरभाष संख्या 7017981898 पर शिकायत की जा सकती है। व्यय अनुवीक्षण कक्ष का दूरभाष संख्या 0135–2714500 है, जिस पर निर्वाचन के किसी प्रकार के व्यय के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार के निर्वाचन सम्बन्धी कार्यक्रम, सभा, सामग्री वितरण आदि की सूचना दी जा सकती है। सूचना सीधे माननीय व्यय प्रेक्षक राजेश कोठारी मोन 09258951635 पर भी दी जाकती है।

# राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ विकास के लिए मोदी सरकार जरूरी

**प्रचार**

■ अनिल बलूनी ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर वोट मांगे



**संवाददाता**

देहरादून। पौड़ी जनपद के यमकेश्वर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा ने प्रचार तेज कर दिया है। सोमवार को पौड़ी लोकसभा से पार्टी प्रत्याशी अनिल बलूनी ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर वोट मांगे। उन्होंने कहा कि देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ विकास के लिए मोदी सरकार जरूरी है। दावा किया कि तीसरी बार भारी बहुमत से केंद्र में नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। उन्होंने सांसद बनने पर क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने का भरोसा भी लोगों को दिया।

सोमवार को पौड़ी सीट से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी ने यमकेश्वर विधानसभा के हनुमन्ती, मटियाली और डाडामंडी में जनसंपर्क कर भारतीय जनता पार्टी के लिए मतदान करने की अपील की। विभिन्न स्थानों पर आयोजित नुक्कड़ सभाओं में बलूनी ने कहा कि जनता मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुकी है। यमकेश्वर विधानसभा में क्षेत्रवासी विभिन्न समस्याओं से भी अवगत करवा रहे हैं। सांसद बनने पर समस्याओं का प्राथमिकता से निदान किया जाएगा।

इस दौरान यमकेश्वर विधायक रेणु बिष्ट, चुनाव सह प्रभारी हेमंत द्विवेदी, जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र रावत, द्वारीखाल ब्लॉक प्रमुख महेन्द्र राणा,बचन सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

### भाजपा पर लगाया केंद्रीय संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप

**संवाददाता** देहरादून। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड की पांचों सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने पर जोर दिया। माकपा की बैठक में भाजपा पर राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स, एनआईए जैसी एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया। पार्टी कार्यालय में हुई बैठक में तय हुआ कि चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के लिए काम किया जाएगा। कामरेड गंगाधर नौटियाल ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि साम्प्रदायिक एजेंडे के साथ आगे बढ़ाने वाली कॉरपोरेट परस्त सरकार के खिलाफ सभी को लामबंद किया जाएगा। पार्टी के राज्य प्रवेक्षक और केन्द्रीय कमेटी सदस्य कामरेड बीजू कृष्णन ने कहा कि चुनावी बांड एक बड़ा घोटाला है। कहा कि विपक्ष की एकता से सत्ता पक्ष हिल गया है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।